





नवभारत
भोपाल, सोमवार ,09 मार्च, 2026


एक नजर में



### जिले में 60 बालिकाओं को लगाई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है. सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 60 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई. उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है. इस बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है जो आगामी तीन माह तक संचालित किया जाएगा.



### सांदीपनि विद्यालय में वार्षिक परीक्षाएं शांतिपूर्ण संपन्न

**बुधनी.** सांदीपनि विद्यालय में आयोजित वार्षिक परीक्षाएं शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो गई. परीक्षा केंद्र अध्यक्ष महेश प्रसाद दायमा ने परीक्षा कार्य में लगे सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया. श्री दायमा ने कहा कि परीक्षाओं का सुचारू संचालन शिक्षकों की सजगता, जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है. उन्होंने परीक्षा की गोपनीयता और शुचिता बनाए रखने के लिए पूरी टीम की सराहना की. इस अवसर पर सहायक केंद्र अध्यक्ष देवकरण पैरवाल, प्राचार्या सुधा सालोमन सहित समस्त शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे.



### समाज ने जताया भरोसा, तीसरी बार अध्यक्ष बने धर्मपाल

**बुधनी.** नगर के प्राचीन भैरव मंदिर परिसर में बहावलपुरी समाज की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें समाज की विभिन्न गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को पर चर्चा की गई. बैठक के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राकेश तनेजा ने समाज की ओर से धर्मपाल मदान का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया. समाज के लिए किए गए उनके कार्यों को देखते हुए धर्मपाल मदान को लगातार तीसरी बार बहावलपुरी समाज का अध्यक्ष चुना गया और एक बार फिर उन्हें समाज की बागडोर सौंपी गई. नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मपाल मदान ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के हित में निष्ठा से कार्य करेंगे और समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने का प्रयास करेंगे. इस अवसर पर धर्मपाल मदान का सम्मान किया गया. बैठक में चेतनचंद पंजाबी, धनराज खत्री, दीनदयाल पंजाबी, लक्ष्मीनारायण चंद्रफेरी, ओमप्रकाश तनेजा, राजेंद्र चंद्रफेरी, अनिल कुमार वर्मा, विजय गोगिया आदि उपस्थित थे.




### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्राचार्य सलोमन हुई सम्मानित

**बुधनी.** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर योद्धा फाउंडेशन के पंकज जाट ओर टीम द्वारा सांदीपनी विद्यालय की प्राचार्य सुधा सलोमन को शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य एवं योगदान के लिए प्रतीक भेंट कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर सुरेंद्र जामलिया, महेश प्रसाद दायमा, विजय गौर, स्वेता पाठक, अंकित तिवारी, शैलेन्द्र कुमार, सोनू बेग सहित विद्यालय स्टाफ एवं संस्था के सदस्य उपस्थितथे. सभी ने महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया.



### नरवाई जलाने पर होगी दंडात्मक कार्यवाही : कलेक्टर

**सीहोर.** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरु के द्वारा जिले में खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है. आदेशानुसार फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी के लिए कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान पहुंचता है तथा आगजनी की घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है. कृषि विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है. कृषि विभाग अमले द्वारा गांव-गांव में लाउड़स्पीकर के माध्यम से किसानों को समझाइश दी जा रही है कि वे नरवाई को जलाने के बजाय वैज्ञानिक तरीकों से उसका प्रबंधन करें. किसानों को नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों की जानकारी भी दी जा रही है.

# उमंग, उत्साह और गुलाल से सराबोर हुआ शहर

## पांच दिवसीय रंग महोत्सव के अंतिम दिन युवाओं व बच्चों ने रंग- गुलाल से जमकर खेली होली, महिलाएं भी नहीं रहीं पीछे

- गल्ला मंडी और कस्बा क्षेत्र में निकाला रंगपंचमी का जुलूस
- शहर में दिन भर बना रहा रंगपर्व का उत्साह





**सीहोर.** पांच दिवसीय रंग पर्व के अंतिम दिन रविवार को शहर में उत्साह के साथ होली मनाई गई. कस्बा और गल्ला मंडी क्षेत्र में रंगपंचमी चल समारोह निकाला गया जिसमें उत्साही युवाओं ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाया.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 मार्च. होली पर्व का अंतिम दिन रंगपंचमी शहर में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया. शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में होली उत्सव समितियों और मंदिर समितियों द्वारा रंगपंचमी पर आयोजन किए गए. रंगपर्व के अंतिम दिन लोगों ने जमकर होली का आनंद लिया. इस दौरान घरों की महिलाएं और बच्चे भी पीछे नहीं रहे और सभी ने उत्साह के साथ रंगों का पर्व मनाया.**

रंगपंचमी पर सुबह से ही गली-मोहल्लों में रंगों की फुहारें शुरू हो गई थीं. लोग झुंड बनाकर एक-दूसरे को रंग लगाते और होली की शुभकामनाएं देते नजर आए. रंगपंचमी पर होने वाली होली को देखते हुए पुलिस और प्रशासन भी सुबह से अलर्ट रहा और प्रमुख चौराहों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई.

रविवार को पांच दिवसीय रंगपर्व का रंगारंग समापन हो गया. रंगपंचमी को लेकर बच्चों में सुबह से ही उत्साह का माहौल था. बच्चे पिचकारियां और रंग लेकर घरों से बाहर निकल आए थे. बाल्टियों में रंग घोलकर वे वहां से गुजरने वाले लोगों को भिगोते नजर आए. रंगपर्व के आखिरी दिन उन लोगों ने भी जमकर होली खेली, जो पहले होली नहीं खेल पाए थे. इस दौरान घरों में छिपकर बैठे युवाओं को भी उनके मित्र बाहर निकालकर रंगों से सराबोर करते दिखाई दिए.

रंगपंचमी के अवसर पर महिलाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला. कई स्थानों पर महिलाओं ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं. कई क्षेत्रों में केसरिया होली का भी आयोजन किया गया, जिसमें अबीर-गुलाल से सराबोर हुरियारे सिर पर रंग-बिरंगी पगड़ी और चमकीली धोती पहनकर कमर में गुलाल की पोटली दबाए लोगों के साथ होली खेलते नजर आए.

पुराना बस स्टैंड, बड़ा बाजार चौराहा, जगदीश मंदिर चौराहा, मछली पुल, बड़ियाखेड़ी, माता मंदिर चौराहा और राठौर चौराहा सहित कई स्थानों पर सुबह से ही हुरियारों में खासा उत्साह देखने को मिला और लोग एक-दूसरे पर रंग-गुलाल उड़ाते रहे.

इधर रंगपंचमी पर हर वर्ष निकलने वाला पारंपरिक जुलूस इस बार भी नहीं निकाला गया. पिछले कुछ वर्षों से शहर में यह परंपरा लगभग समाप्त होती जा रही है. हालांकि कस्बा क्षेत्र में सिद्धपुर ओटला समिति और गल्ला मंडी के युवाओं ने इस परंपरा को जीवित रखते हुए रंगपंचमी पर भव्य चल समारोह निकाला.

सिद्धपुर ओटला समिति द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी रंगपंचमी पर शानदार चल समारोह निकाला गया, जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। चल समारोह में शामिल युवाओं ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाया और होली के गीतों पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया. कस्बा स्थित छत्री घाट से प्रारंभ हुआ यह चल समारोह वाल्मीकि मोहल्ला, छीपा मोहल्ला, रामलीला स्टेज, नृसिंह मंदिर और निजामत होते हुए कलार मोहल्ला से तिलक पार्क पहुंचा. यहां सभी लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं और रंगपर्व का उल्लासपूर्ण समापन किया. इसके अलावा शहर में भी दिन भर रंग- गुलाल लगाने का सिलसिला जारी रखते हुए युवाओं ने रंगपर्व का रंगारंग समापन

### चल समारोह का अनेक स्थानों पर हुआ स्वागत

**बुधनी.** रंगपंचमी पर सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में चल समारोह निकाला गया. चल समारोह नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए बुधनी घाट स्थित चौराहे पर संपन्न हुआ. चल समारोह का जगह-जगह स्वागत किया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं. नगर में उत्सव और रंगों का माहौल देखने को मिला. फायर ब्रिगेड से रंगों की बौछार आकर्षण का केन्द्र रही जिससे वातावरण पूरी तरह रंगमय हो गया. वहीं डीजे की धुन पर युवा और बच्चे जमकर नाचते-गाते नजर आए. चल समारोह में जनप्रतिनिधियों सहित नगरवासी शामिल हुए. सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एसडीएम दिनेश तोमर, तहसीलदार ललित सोनी, एसडीओपी रवि शर्मा और सब इंस्पेक्टर संदीप जाट सहित पुलिस बल जुलूस के साथ मौजूद रहा. सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय द्वारा नगरवासियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी.

# नशे में ड्राइविंग ने ली दो किशोरों की जान, बुलेरो चालक गिरफ्तार

- बीती रात मोतीबाबा मंदिर के समीप हुआ था हादसा
- दो युवकों ने उपचार के दौरान दम तोड़ा, दो गंभीर घायल

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 मार्च.** शहर में एक बार फिर ड्रंक एंड ड्राइव की लापरवाही ने दो मासूम जिंदगियां छीन लीं. कोतवाली थाना क्षेत्र में मोतीबाबा मंदिर के पास मेन रोड पर तेज रफ्तार पिकअप ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें चार युवक घायल हो गए. इलाज के दौरान दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि दो का उपचार जारी है. पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा भी बढ़ा दी गई है.

पुलिस के अनुसार शनिवार रात लगभग 11 बजे मोतीबाबा मंदिर के पास यह सड़क हादसा हुआ. मोटरसाइकिल पर सवार चार युवक जा रहे थे, तभी बुलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 37-जी-1073 के चालक सुनील पिता रंजीत सिंह ठाकुर (48) निवासी हनुमान फाटक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए.

घायल युवकों की पहचान 16 वर्षीय अमित चौहान, 12 वर्षीय विवेक चौहान, 18 वर्षीय धीरज चौहान और 18 वर्षीय विक्रम चौहान निवासी लुनिया मोहल्ला, के रूप में हुई. सभी को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया. यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद अमित चौहान को मृत घोषित कर दिया. वहीं गंभीर रूप से घायल विवेक चौहान को बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया, जहां हमीदिया अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी चालक को हिरासत में लेकर उसका मेडिकल और ब्लड सैंपल लिया. जांच में शराब के नशे में वाहन चलाने की आशंका के चलते उसके खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव की धारा भी जोड़ी गई है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में अपराध दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125ए, 106(1) तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत मामला कायम किया. साथ ही साक्ष्यों के आधार पर गैर इरादतन हत्या की धारा 105 बीएनएस भी बढ़ाई गई है।

पुलिस ने आरोपी चालक सुनील ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है और रविवार को उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है.



### परिजनों ने किया चक्काजाम का नाकाम प्रयास

मृत किशोरों की रविवार को अंतिम यात्रा निकाली जा रही थी. तब स्थानीय लोगों व परिजनों ने शवों को लुनिया चौराहे पर रखकर चक्काजाम करने का प्रयास किया, लेकिन तभी थाना प्रभारी रविन्द्र यादव वहां पहुंचे और आरोपी चालक के खिलाफ की गई सभी कार्रवाईयों से अवगत कराया. इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र वर्मा ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की जिस पर थाना प्रभारी ने आश्वस्त कराया कि वह कलेक्टर से जाकर मिलें शासन स्तर पर अवश्य सहायता मिलेगी. तब परिजन माने और शव लेकर चले गए.

### अंबादत्त भारतीय स्मृति सम्मान समारोह 22 को

**भैरूंदा.** नगर में जिला प्रेस क्लब का पत्रकार परिवार सम्मेलन एवं स्व. अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा. संयुक्त रूप से होने वाले इन दोनों आयोजनों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया ने बताया कि जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश राय की स्वीकृति से इस बार पत्रकार परिवार सम्मेलन तथा अंबादत्त भारतीय स्मृति सम्मान समारोह का संयुक्त आयोजन 22 मार्च को किया जाएगा. जिसमें सभी पत्रकार साथियों को सपरिवार शामिल होना है. बैठक में रिक्की अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, अजय राव, धर्मेंद्र योगी, अर्जुन पंवार, कन्हैया लाल, बिहारी लाल सैनी, घनश्याम शर्मा आदि उपस्थित थे.

# होली मिलन समारोह में जमकर उड़ाया रंग-गुलाल

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 मार्च.** नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा समरसता संदेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और नागरिकों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में गुलाल व पुष्पवर्षा कर होली खेली गई. क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा शिव-पार्वती व राधाकृष्ण के रूप में



उपस्थित महिला पुरुषों के साथ नृत्य किया गया नपाध्यक्ष राठौर ने गुलाल लगाकर होली व रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम में सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, सतीश राठौर, विवेक राठौर, रमेश आर्य, मुकेश राठौर, डीपी आर्य, धन्नालाल परचौले, पन्नालाल खंगराले, नारायण सिंह परमार, मदन मालवीय, रामचन्द्र दसलानिया आदि मौजूद थे.

### अस्मिता पहल के अंतर्गत आज खेल स्पर्धाएं

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 मार्च.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को चर्च ग्राउंड पर अस्मिता पहल के अंतर्गत खेल कार्यक्रम आयोजित होंगे.

कार्यक्रम के दौरान एथलेटिक्स दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रतिस्पर्धी दौड़, मनोरंजक गतिविधियां, टग ऑफ वार रस्साकशी आदि शामिल हैं. कार्यक्रम में अंडर 13 वर्ष, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक की बालिकाएं एवं महिलाएं शामिल होंगी. विजेताओं को पदक और सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे. जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा आयोजन में अधिक से अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है.

### शिविर में किया 960 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले भर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है. ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत आियोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 700 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 260 बच्चों का टीकाकरण किया गया. इसके साथ ही 107 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.

**शव की दुर्गति** ▶ अपनी कार्यप्रणाली को लेकर चर्चाओं में रहने वाले सिविल अस्पताल प्रबंधन का एक और कारनामा

# प्रबंधन की लापरवाही, अस्पताल में सड़ते शव से उड़ती रही बदबू

नवभारत न्यूज

**बुधनी 8 मार्च.** एक ओर जहां रविवार को नगर में रंग पंचमी का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर नगर के सिविल अस्पताल में अव्यवस्था और लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया. अस्पताल परिसर में लंबे समय तक एक शव पड़े रहने से वह सड़ने लगा और उसकी तेज दुर्गंध पूरे परिसर में फैल गई. भर्ती मरीजों, उनके परिजनों और स्टाफ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा.

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह अस्पताल परिसर में अचानक तेज बदबू फैलने लगी. इससे मरीजों और उनके परिजनों में हड़कंप मच गया. परिजनों ने ड्यूटी पर मौजूद अस्पताल स्टाफ को इसकी सूचना दी, लेकिन शुरुआत में मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया. बाद में स्थानीय मीडिया को सूचना दी गई.

डॉक्टर ने बताया कि वे पिछले करीब 24 घंटे से ड्यूटी पर हैं और उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि अस्पताल परिसर में कोई शव रखा हुआ है. उनका कहना था कि संभवतः कोई व्यक्ति बिना जानकारी दिए शव अस्पताल में छोड़कर चला गया होगा. प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार शाम रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में मिला था. रेलवे पुलिस द्वारा शव को अस्पताल में रखवाया गया था, लेकिन उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण शव लंबे समय तक वहीं पड़ा रहा. रविवार तक शव सड़ने लगा और दुर्गंध अस्पताल परिसर में फैल गई, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया. मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम डीएस तोमर को अवगत कराया गया. उन्होंने तत्काल स्थिति की जानकारी ली और शव को मर्चुरी में रखवाने के निर्देश दिए.

गौरतलब है कि सिविल अस्पताल में शवों के रख-रखाव की व्यवस्था पहले भी सवालों के घेरे में रही है. इससे पहले भी फ्रीजर खराब होने के कारण शवों के खराब होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं. इसके बावजूद व्यवस्थाओं में स्थायी सुधार नहीं हो पाया है. इस मामले में सीबीएमओ डॉ. डी. बडोदिया का कहना है कि रेलवे पुलिस द्वारा एक शव अस्पताल में रखवाया गया था. अधिक समय बीत जाने



और फ्रीजर में तकनीकी समस्या आने के कारण शव खराब हो गया था. बाद में उसे वहां से हटवाकर पीएम रूम में बर्फ में सुरक्षित रखवा दिया गया है.

इस मामले में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू राजपूत का कहना है कि अस्पताल में जीवित मरीजों को ही समय पर इलाज नहीं मिल पाता। ऐसे में मृत व्यक्ति के शव के साथ भी लापरवाही होना गंभीर मामला है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शव की दुर्दशा करना अनुचित है. पहले भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन सुधार नहीं हुआ है. इसे लेकर कांग्रेस शीघ्र ही आंदोलन करने की तैयारी कर रही है.